Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

अन्तरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस के अवसर पर "कृतज्ञता–दिवस" का आयोजन

जयपुर 9 दिसम्बर/ **आज अन्तरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस** के अवसर पर ए.सी.बी. राजस्थान इस दिवस को **कृतज्ञता–दिवस** के रूप में मना रही है, जिसमें उन सभी सम्मानित नागरिकों, जिन्होंने भ्रष्टाचार के विरूद्ध आगे आकर ए.सी.बी. के साथ कंधे से कंधा मिलाकर भ्रष्ट लोकसेवकों को रंगे हाथों पकड़वाया, उन्हें ए.सी.बी. कार्यालय में बुलवाकर व वृद्धजनों के घर जाकर उनका आभार प्रदर्शित किया जा रहा है तथा वर्तमान में यदि उनकी कोई समस्याएं हो, तो उनकी जानकारी की जा रही है जिनका शीघ्र समाधान किया जायेगा। साथ ही भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में ए.सी.बी. का सक्रिय सहयोग करने वाले, स्वतंत्र गवाहों, विधि विज्ञान प्रयोगशाला के विशेषज्ञों, अभियोजन, न्यायिक अधिकारियों, पत्रकार एवं मीडिया का आभार प्रदर्शित किया जा रहा है, जिन्होंने ए.सी.बी. का सहयोग, मार्गदर्शन व प्रोत्साहन किया है।

आज सभी ए.सी.बी. की जिला इकाई प्रभारियों ने अपनी–अपनी इकाई में वर्ष 2018, 2019 एवं 2020 में हुये ट्रेप के परिवादियों एवं अन्य सभी हिताधिकारियों से सम्पर्क कर अपने ए.सी.बी. कार्यालय में प्रातः 11 बजे बुलवाकर (कोविड गाईड–लाईन की पालना करते हुये) ब्यूरो की तरफ से आभार प्रदर्शित किया जा रहा है व उनकी कोई समस्या हो तो उसे सुनकर उसका समुचित निराकरण की कार्य योजना बना रहे हैं। साथ ही जो वरिष्ठ नागरिक/वृद्धजन एसीबी कार्यालय आने में असमर्थ हैं, उनके निवास पर ब्यूरो के अधिकारियों द्वारा व्यक्तिशः जाकर आभार प्रकट किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं. 1064*** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं. 94135–02834*** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।